अमर उजाला
75
महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 21 संस्करण
राजधानी •
वर्ष 20 | अंक 129 | पृष्ठ : 16+4 | मूल्य : चार रुपये

अमर उजाला

नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 18 अगस्त 2022
भाद्रपद कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2079

रूस से तेल खरीद | विदेश मंत्री बोले-देश के लिए सर्वश्रेष्ठ सौदा जिम्मेदारी, वही कर रहे...12

दिल्ली-एनसीआर

पॉड टैक्सी और मेट्रो से पहुंचेंगे नोएडा एयरपोर्ट

जिले में पहली बार अंडरग्राउंड मेट्रो की बिछेगी लाइन

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण नोएडा एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए पॉड टैक्सी और मेट्रो की लाइन बिछाएगा। नॉलेज पार्क दो को एयरपोर्ट तक जोड़ा जाएगा और जिले में पहली बार 4.18 किमी अंडरग्राउंड लाइन बिछेगी। करीब 36 किमी लंबा कॉरिडोर होगा। योजना को तैयार करने में करीब 5329 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और 6 स्टेशन बनेंगे। वहीं, पॉड टैक्सी योजना को पहले चरण में फिल्म सिटी और आसपास के सेक्टरों से जोड़ा जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं की रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। 24 अगस्त को होने वाली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने की उम्मीद है। इसके बाद दोनों प्रस्ताव शासन को भेज दिए जाएंगे।

प्राधिकरण ने भारत सरकार की कंपनी इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कारपोरेशन से पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाई है। इसमें फिल्म सिटी, रबूपुरा का कुछ भाग, सेक्टर-34 का कुछ भाग, टॉय पार्क, 75 मीटर चौड़ी सड़क पर सेक्टर-29 व 32 के जंक्शन पर सेक्टर-32, अपैरल पार्क, सेक्टर-29, 75 मीटर चौड़ी सड़क पर सेक्टर-29 व 32 का जंक्शन, एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, 60 व 75 मीटर चौड़ी सड़क का जंक्शन और जेवर एयरपोर्ट के पास स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं। इस परियोजना पर 862 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। डबल ट्रैक वाली पॉड टैक्सी कॉरिडोर को बनाने में एक वर्ष का समय लगेगा। यह टैक्सी 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। किराया 8 रुपये प्रति किमी तक रखने की योजना है।

5329
करोड़ खर्च होंगे मेट्रो कॉरिडोर पर, छह स्टेशन बनाए जाएंगे

■ ग्रेनो के नॉलेज पार्क-दो से एयरपोर्ट तक कॉरिडोर में 4.18 किमी लाइन होगी अंडरग्राउंड

वहीं, नॉलेज पार्क से एयरपोर्ट तक जोड़ने के लिए डीएमआरसी ने मेट्रो लाइन की डीपीआर तैयार की है। सेक्टर-29 से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड मेट्रो लाइन को बनाने में 18 महीने का समय लगेगा। योजना में नॉलेज पार्क-2, सेक्टर-18, सेक्टर 20, सेक्टर 21, सेक्टर 29 और अंतिम स्टेशन एयरपोर्ट बनेगा।